कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी जिला बलरामपुर–रामानुजगंज (छ.ग.)

**–: आदेश :–**

क्रमांक / 7603 / शिकायत–जॉच / 2026 बलरामपुर दिनांक 24/07/2026

श्री अनन्त कुमार यादव, प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बसंतपुर, विकासखण्ड वाड्रफनगर, जिला बलरामपुर–रामानुजगंज द्वारा दिनांक 09.06.2026 को इस कार्यालय में प्रस्तुत शिकायत आवेदन में श्री राजेश कुमार मिश्रा, लेखापाल, कार्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, वाड्रफनगर के विरुद्ध दूरभाष के माध्यम से धमकी देने, मानसिक रूप से प्रताड़ित करने, शासकीय कार्यों में अनधिकृत हस्तक्षेप करने, अधीनस्थ कर्मचारियों के संबंध में अनुचित दबाव बनाने तथा विभागीय अनुशासन के प्रतिकूल आचरण किए जाने संबंधी गंभीर आरोप लगाए गए हैं।

उक्त शिकायत के परीक्षण उपरांत इस कार्यालय द्वारा कारण बताओ नोटिस क्रमांक / 6299 / शिकायत / 2026 बलरामपुर दिनांक 22.06.2026 जारी कर श्री राजेश कुमार मिश्रा से स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान किया गया। इसके अनुपालन में उनके द्वारा दिनांक 25.06.2026 को लिखित प्रतिउत्तर प्रस्तुत किया गया।

प्रस्तुत प्रतिउत्तर का उपलब्ध अभिलेखों, शिकायत आवेदन तथा संलग्न साक्ष्यों के साथ परीक्षण किए जाने पर यह संतोषजनक नहीं पाया गया। प्रकरण में प्रथम दृष्टया गंभीर कदाचार, शासकीय कार्यों में हस्तक्षेप, विभागीय अनुशासनहीनता तथा छ0ग0 सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 के नियम 3 का स्पष्ट उल्लंघन पाया गया।

अतः, छ0ग0 सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम, 1966 नियम–9 (1) (क) के तहत् श्री राजेश कुमार मिश्रा, लेखापाल, कार्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, वाड्रफनगर, जिला बलरामपुर–रामानुजगंज को तत्काल प्रभाव से शासकीय सेवा से निलंबित किया जाता है।''

निलंबन अवधि में श्री राजेश कुमार मिश्रा का मुख्यालय कार्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, कुसमी, जिला बलरामपुर–रामानुजगंज'' निर्धारित किया जाता है। निलंबन अवधि में वे सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना मुख्यालय नहीं छोड़ेंगे।

निलंबन अवधि में उन्हें नियमानुसार जीवन–निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

24/07/26

जिला शिक्षा अधिकारी
जिला बलरामपुर–रामानुजगंज (छ.ग.)

पृ0क्रमांक / 7604 / शिकायत–जॉच / 2026 बलरामपुर दिनांक 24/07/2026

प्रतिलिपि :–

1/ संचालक, लोक शिक्षण संचालनालय, इन्द्रावती भवन नवा रायपुर की ओर सादर सूचनार्थ संप्रेषित।

2/ कलेक्टर बलरामपुर–रामानुजगंज की ओर सादर सूचनार्थ संप्रेषित।

3/ संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण, सरगुजा संभाग, अम्बिकापुर की ओर सादर सूचनार्थ संप्रेषित।

4/ विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, वाड्रफनगर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

5/ विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, कुसमी को निलंबन अवधि में मुख्यालय सुनिश्चित करने एवं उपस्थिति संबंधी आवश्यक कार्यवाही हेतु।

6/ उप कोषालय अधिकारी, वाड्रफनगर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

7/ श्री राजेश कुमार मिश्रा, लेखापाल, कार्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, वाड्रफनगर को सूचनार्थ एवं पालनार्थ।

24/07/26

जिला शिक्षा अधिकारी
जिला बलरामपुर–रामानुजगंज (छ.ग.)

Scanned with OKEN Scanner